प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

6 मार्च 2023

डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह 2023 - "हर पेमेंट डिजिटल" अभियान का शुभारंभ

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज **डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह (डीपीएडब्ल्यू) 2023** के अवसर पर 'हर पेमेंट डिजिटल' अभियान का शुभारंभ किया। यह भारत में प्रत्येक व्यक्ति को डिजिटल भुगतान का उपयोगकर्ता बनाने के भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रयास का हिस्सा है। डीपीएडब्ल्यू 2023 को 6 से 12 मार्च 2023 तक मनाया जाएगा। अभियान का विषय "डिजिटल पेमेंट अपनाओ, औरों को भी सिखाओ" (Adopt digital payments and Also teach others) है।

डिजिटल भुगतान, गति, सुविधा, सुरक्षा और बचाव के लाभ प्रदान करते हैं। मौजूदा अवसंरचना ने डिजिटल भुगतान को उपलब्ध और सुलभ बना दिया है, लेकिन और अधिक जागरूकता उत्पन्न करना आवश्यक है, जिससे इसे अधिक-से-अधिक स्वीकृति मिले और ज्यादा-से-ज्यादा लोग इसे अपनाएं। "हर पेमेंट डिजिटल" अभियान का शुभारंभ करते हुए, गवर्नर ने सभी हितधारकों - बैंकों, गैर-बैंकों, भुगतान प्रणाली ऑपरेटरों, डिजिटल भुगतान उपयोगकर्ताओं, आदि से डिजिटल भुगतान को अपनाने और दूसरों को डिजिटल भुगतान के उपयोग के लाभ के बारे में सिखाने के लिए अपील की। यह प्रत्येक व्यक्ति को डिजिटल भुगतान उपयोगकर्ता बनने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

डीपीएडब्ल्यू 2023 के दौरान, भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करेंगे, जो भारतीय जी20 प्रेसीडेंसी के अंतर्गत 'जन भागीदारी' कार्यक्रमों का भी हिस्सा बनेंगे। इसी तरह की पहल बैंक और गैर-बैंक भुगतान प्रणाली ऑपरेटरों द्वारा की जाएगी।

रिज़र्व बैंक आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में '75 डिजिटल गांव' कार्यक्रम भी शुरू करेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भुगतान प्रणाली ऑपरेटर्स (पीएसओ) देश भर में 75 गांवों को अपनाएंगे और उन्हें डिजिटल भुगतान के लिए सक्षम गांवों में परिवर्तित करेंगे।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1837